# देवघर में 2000 के नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

On **Feb 14, 2020**




लगातार नकली नोटों को बाज़ार में चालाने का मामला सामने आ रहा है। देवघर के टाउन थाना क्षेत्र के नरसिंह टाॅॅकीज के पास दो हजार के नकली नोटों के साथ दो युवकों को दुकानदारों ने धर दबोचा  जबकि उसका तीसरा साथी बचकर भागने में कामयाब रहा।

**देवघर में 2000 के नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार**

**सिटी पोस्ट लाइव, देवघर:** लगातार नकली नोटों को बाज़ार में चालाने का मामला सामने आ रहा है। देवघर के टाउन थाना क्षेत्र के नरसिंह टाॅॅकीज के पास दो **हजार** के नकली नोटों के साथ दो युवकों को दुकानदारों ने धर दबोचा  जबकि उसका तीसरा साथी बचकर भागने में कामयाब रहा। गिरफ्तार दोनों युवक बिहार के शेखपुरा के पंचरा का रहने वाले है।  बताया जाता है कि गुरुवार देर शाम तकरीबन 8:30 बजे तीन युवक एसबी राय रोड नरसिंग सिनेमा हॉल के समीप घनश्याम केशरी के कपड़ा दुकान गए। जहां एक गंजी खरीदा और दुकानदार को दो हजार का नोट दिया। इसके बाद तीनों युवक एक अन्य दुकान गए। जहां हॉर्लिक्स खरीदा । यहां भी दो हजार का नोट दुकानदार को **थमाया**। बाद एक चप्पल दुकान भी गया।

इसी बीच कपड़ा दुकानदार को नकली नोट दिए जाने का पता चला। बाद में **पुलिस** को सूचना दी गई। सूचना पर एएसआइ पी एन पाल व उनकी टीम वहां पहुंची । **पुलिस**को देखते ही एक युवक मौके से फरार होने में सफल रहा जबकि दो युवकों को पकड़ कर थाना लाया गया। दोनों के पास दो हजार का दो जाली नोट बरामद किया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी है।

Source: https://www.citypostlive.com/news/crime/two-arrested-with-fake-2000-notes-in-deoghar/